तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 1 अक्टूबर 2024

11 क्षेत्र के शिक्षकों का शिक्षक रत्न से हुआ सम्मान



12 लक्ष्मण को मिला शिक्षक रत्न सम्मान





## ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिशा-निर्देश जारी, उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु जारी आदेश का पालन सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से शब्दशः और मूल भावना में करने के निर्देश आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा दिए गए हैं। न्यायालय ने आदेशित किया है कि अधिकारी ध्वनि प्रदूषण के मामले में सकारात्मक कार्यवाही करें। गाड़ियों पर साउंड बॉक्स रखकर डीजे बजाने पर– वाहन में साउंड बॉक्स मिलने पर साउंड बॉक्स जब्त कर वाहन का रिकार्ड रखा जाएगा। जब्त साउंड बॉक्स को कलेक्टर के आदेश के बाद ही छोड़ा जाएगा। द्वितीय बार पकड़े जाने पर उस वाहन का परमिट निरस्त किया जाएगा तथा उच्च न्यायलय के आदेश के बिना उस वाहन को कोई भी नया परमिट जारी नहीं किया जाएगा। नियमों के उल्लंघन करते पाए जाने पर संधित अधिकारी पर अवमानना कार्यवाही होगी। उच्च न्यायलय ने कहा है कि जब भी शादियां, जन्मदिन, धार्मिक–सामाजिक कार्यक्रम में निर्धारित मापदंडों से अधिक ध्वनि प्रदूषण होने पर अधिकारी उस स्थान पर जाकर लोगों की भावनाओं की कद्र करते हुए नम्रतापूर्वक उन्हें उच्च न्यायलय के आदेश का पालन करने कहें, अगर आयोजक विरोध करता है तो उसके विरुद्ध उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना का प्रकरण उच्च न्यायलय में दायर करें।

### नवरात्रि पर अधिकारी कड़ाई से करायेंगे नियमों का पालन




#### प्रेशर हार्न बजाने पर वाहन होंगे जब्त

प्रेशर हार्न या मल्टी टोन हार्न लगाने पर – वाहनों में प्रेशर हार्न अथवा मल्टी टोन हार्न पाया जाता है तो अधिकारी तत्काल ही वाहन से निकाल कर नष्ट करेंगे तथा रजिस्टर में दर्ज करेंगे। दोबारा हार्न लगाने पर वाहन जब्त कर उच्च न्यायलय के आदेश के बिना वाहन को नहीं छोड़ा जाएगा। 100 मीटर के दायरे में लाउड स्पीकर बजाने पर– स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोर्ट, कार्यालय से 100 मीटर एरियल डिस्टेंस पर लाउड स्पीकर बजाने पर प्राधिकृत अधिकारी को ध्वनि प्रदूषण यन्त्र को जब्त करना होगा। बिना मजिस्ट्रेट की अनुमति के प्रदूषण यन्त्रों को वापस नहीं किया जाएगा। दोबारा गलती करने पर जब्त किये गए प्रदूषण यन्त्रों को उच्च न्यायलय के आदेश के बिना वापस नहीं होगा। अगर ध्वनि प्रदूषण यन्त्र टेंट हाउस, साउंड सिस्टम प्रदायकर्ता या डीजे वाले का पाया जाता है तो उसे सीधे जब्त किया जाए।

## खबर संक्षेप

### महामाया शीतला मंदिर में पूजा अर्चना 2 को

**हिरमी।** ग्राम भालेसुर के महामाया शीतला मंदिर में 2 अक्टूबर को पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है। इसके अलावा रंगमंच लोकार्पण, गंगा आरती, रात्रि कार्यक्रम भी आयोजन किया गया है। सत्यम शिवम सुंदरम दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष खुबी राम नेताम ने बताया कि उक्त दिवस पूजा अर्चना में गांव के जनप्रतिनिधियों के अलावा आसपास के जन प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### गांधी जयंती पर नही मिलेगी शराब

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने गांधी जयंती पर जिले की समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट महासमुंद, देशी मदिरा भंडारण भांडागार महासमुंद तथा देशी, विदेशी, कंपोजिट आहातों को बंद रखने आदेशित किया है।

### नयापारा इलाके के नलों में नहीं आ रहा पानी

**महासमुंद।** नयापारा क्षेत्र के वार्ड नं 7 व 8 के नलों में पिछले 15 दिनों से पानी नहीं आ रहा है। वार्ड नं. 8 के मनीष कुमार दुबे ने बताया कि बारिश के मौसम में भी लोगों को गर्मियों की तरह पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नल अगर आता भी है तो नाममात्र का पानी ही मिल पाता है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा इसे लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### अवैध महुआ शराब के साथ पकड़े गए दो लोग

**महासमुंद।** बसना थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के साथ दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि ग्राम गढफुलझर से छोटेपटनी जाने का रास्ता रोड किनारे पर से आरोपी कार्तिक राम सतनामी पिता गिरधारी सतनामी (19 साल) निवासी जटेसीरा थाना जगदलपुर, जिला बरगढ (ओडिशा) के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400 रुपए के साथ एवं आरोपी राम कुमार भोई पिता बेलाल भोई (32 साल) निवासी खवासपाली को ग्राम कर्राभौना धनापाली मेंन रोड के पास से 2 लीटर अवैध देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों विरूद्ध अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### महिला के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम लहरौद पड़ाव में किराए के मकान में रह रही महिला के साथ मारपीट करने पर दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया सोनम रामटेके निवासी बेलतरोडी जिला नागपुर महाराष्ट्र निवासी ने पुलिस को बताया है कि शुक्रवार रात करीब 12 से 1 बजे के मध्य लहरौद पडाव निवासी विजय जायसवाल, रूहिता सिन्हा द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की गई।

### कारखानों की जांच के लिए संयुक्त टीम का गठन

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह ने छग शासन, मंत्रालय, आवास एवं पर्यावरण विभाग, महानदी भवन के निर्देशानुसार जिले में स्थित वृहद उद्योगों, खतरनाक उद्योग, निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में व माइंस में खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों तारपोलिन/उपयुक्त सामग्री से सही तरीके से नहीं ढंके नहीं होने के कारण वायु प्रदूषण की स्थिति निर्मित होती है। जिसकी जांच हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले में कई वृहद उद्योग स्थापित हैं जिनमें विनिर्माण तथा माईनिंग का कार्य किया जा रहा है।

### कार्रवाई : 2 अपचारी बालक सहित 7 आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

## गिरोह फूटा, 5 लाख की बैटरी व टायर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने रोड में खड़ी ट्रकों के पहिए, बैटरी, व जैक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में 2 अपचारी बालक सहित 7 आरोपी सदस्यों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है।

गिरोह के सदस्य अंधेरे जगह पर खड़ी ट्रकों की पहचान करने के बाद उनके पहिए, बैटरी व जैक निकाल कर फरार होते थे। आरोपी ट्रकों के भारी भरकम पहिए चोरी कर ले जाने के लिए कार, छोटा हाथी एवं ऑटो का इस्तेमाल करते थे। आरोपियों ने भाटापारा मंडी गेट के पास खड़ी ट्रकों के पहिए की चोरी करने घटनाओं को की सिलसिलेवार अंजाम दिया था। अब तक ट्रकों से चोरी किए गए 22 नग पहिया, 4 नग जैक, 8 नग बैटरी एवं 4 नग डिस्क बरामद किया गया है। जब्त सामान की कीमत 4 लाख 70 हजार कीमत आंकी गई है। इसके साथ ही चोरी में इस्तेमाल एक कार, एक ऑटो, एक छोटा हाथी एवं चोरी करने में प्रयुक्त अन्य औजार को भी जब्त किया गया है। पुलिस को यह सफलता साइबर सेल की टेक्निकल टीम एवं भाटापारा सिटी सर्विलांस के तहत शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी मिली है।

#### जब्त सामग्री की कीमत 4.70 लाख आंकी गई

इसमें अभी तक आरोपियों से ट्रकों से चोरी किए गए 22 नग पहिया, 4 नग जैक, 8 नग बैटरी एवं 4 नग डिस्क बरामद किया गया हैं। आरोपियों से चोरी का कुल 4 लाख 70 हजार का ट्रकों का पहिया, जैक, बैटरी एवं डिस्क बरामद किया गया है। साथ ही आरोपियों द्वारा चोरी करने में इस्तेमाल एक कार, एक ऑटो, एक छोटा हाथी एवं चोरी करने में प्रयुक्त अन्य औजार को भी जब्त किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा गया।



#### चोरी के लिए कार, छोटा हाथी और आटो का करते थे उपयोग




उक्त आरोपी रात के अंधेरे में खड़ी ट्रकों से पहिए चोरी करने के लिए चिन्हांकन करते थे तथा मौका देखकर ट्रकों के पहिए चोरी कर फरार हो जाते थे। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि गिरोह के सदस्य चोरी करने के लिए एवं ट्रकों के भारी पहिए ले जाने के लिए कार, छोटा हाथी वाहन एवं आटो का इस्तेमाल करते थे। आरोपी मनोज टोंडे, गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ चार पहिया वाहन की मदद से अंधेरे जगहों में खड़ी ट्रकों की पहचान कर ट्रक के पास पहुंचते थे तथा ट्रकों के पहिए चोरी कर उस कार में पहिए को डालकर तुरंत मौके से फरार हो जाते थे। प्रकरण में पकड़े गए गिरोह के सभी सदस्यों से विस्तृत एवं मनोवैज्ञानिक रूप से पूछताछ जारी है, जिसके आधार पर विभिन्न स्थानों से चोरी किये गये ट्रक के पहिए एवं अन्य सामान बरामद करने की कार्रवाई की जा रही है।

#### आरोपी गैंग बनाकर रात में देते थे घटनाओं को अंजाम

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 और 19 सितम्बर की दरम्यानी रात और 26-27 सितम्बर की रात भाटापारा शहर के मंडी गेट के सामने रोड में खड़ी ट्रकों से क्रमवार 2 पहिए एवं 4 पहिए कुल 6 पहिए चोरी किए जाने की सूचना उन्हें मिली थी। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर जांच कार्रवाई प्रारंभ की। पुलिस की एक टीम द्वारा ट्रकों के पहिए चोरी करने वाले आरोपियों की पहचान के संबंध में प्रयास किया जा रहा था तथा पुलिस की दूसरी टीम द्वारा मंडी गेट एवं इसके आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन किया जा रहा था। इसके साथ ही साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा भी आरोपियों की पहचान कर उसका पता लगाने में जुटी थी। इसी बीच पुलिस टीम को सड़क मार्ग में खड़े ट्रकों के पहिए चोरी करने वाले एक गिरोह के संबंध में पता चला। पुलिस ने गिरोह के सदस्य मनोज टोंडे को हिरासत में लिया, जिससे पूछताछ करने पर ट्रकों से पहिए चोरी करने वाले इस चोर गिरोह का पर्दाफाश किया। इस घटना को अंजाम देने वाले इमली पारा थाना तखतपुर जिला बिलासपुर निवासी 19 वर्षीय गौरीशंकर टोंडे और मनोज टोंडे 36 वर्ष, ग्राम गुजेरा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा निवासी मोहित गेंदले, चिंगराजपारा बिलासपुर थाना सरकंडा निवासी 29 वर्षीय दिनेश कुमार देवांगन, ग्राम कोबा थाना डौंडीलोहारा जिला बालोद निवासी 35 वर्षीय संतोष कौशल और 02 अपचारी बालक को गिरफ्तार किया।

### एमबीबीए की पढ़ाई के लिए केशव को मिली दो लाख की आर्थिक सहायता



**भाटापारा।** ग्राम भोथीडीह निवासी केशव पिता गणेश साहू को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने 2 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की, जिसे चेक के माध्यम से तहसीलदार ने छात्र केशव को प्रदान किया। इस पहल के लिए साहू परिवार ने जिला प्रशासन सहित मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। विदित हो कि उक्त छात्र ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गिरीश देवांगन के माध्यम से एक आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें उन्होंने अपने एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता के लिए 5 लाख की राशि मांगी थी। प्रशासन व्यवस्था ने पूरे मामले को ध्यान में रखते हुए छात्र को उनका सहायता राशि ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ छात्र के परिवार ने मुख्यमंत्री और जिलाधीश का आभार जताया

### कांग्रेस न्याय यात्रा में गिना रही प्रदेश सरकार की नाकामी



**खरोरा।** न्याय यात्रा के चौथे दिन कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार के खिलाफ हल्ला बोलते प्रदेश सरकार की नाकामी गिनायी। वही यात्रा के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। ग्राम भैंसा में ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के उपरांत यात्रा की शुरुआत की गई। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने सवालों का जबाव देते यात्रा करने को लेकर कहा प्रदेश में भाजपा सरकार सरकार ▶▶ शेष पेज 11 पर

## छरछेद हत्याकांड का मास्टरमाइंड बैगा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

ग्राम छरछेद में 12 सितंबर की शाम एक साथ 4 लोगों की निर्मम हत्या की जांच में पुलिस ने सोमवार को इस मामले के मास्टरमाइंड बैगा ईतवारी राम को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा है। अब इस मामले में शामिल एक अपचारी बालिका सहित कुल 7 लोगों को पुलिस ने आरोपी बनाया है।

■ अब तक एक अपचारी सहित 7 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

आरोपियों के विरुद्ध थाना कसडोल में धारा 103(1), 191(2), 191(3), 190, 296, 351(3), 115(2), 331(8) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



विदित हो कि आरोपियों ने मृतक परिवार के सदस्यों को जादू टोना करने के शक में आरोपियों द्वारा एक साथ मिलकर पत्थर तोड़ने के लोहे के हथौड़े (घन) एवं लोहे के अन्य सामान से वार करते हुए चार लोगों की हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अपचारी बालिका सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

प्रकरण में निरीक्षक रितेश मिश्रा एवं सहायक उप निरीक्षक श्रवण नेताम की टीम द्वारा गवाहों से पूछताछ एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर एक अन्य आरोपी ईतवारी राम पटेल को घटना में संलिप्त होना पाया गया। साथ ही जांच एवं विवेचना क्रम में प्रकरण में टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 की धारा 04, 05, 06 भी जोड़ा गया है। जानकारी एवं पूछताछ के अनुसार, हत्या करने वाले आरोपी घटना के कुछ दिन पूर्व आरोपी बैगा ईतवारी राम पटेल से मिलने गए थे, जिसमें ईतवारी राम द्वारा आरोपियों को उनकी बच्ची की तबीयत खराब होने का कारण मृतकों द्वारा जादू टोना करना बताया गया, जिस पर से दुष्प्रेरण में आकर आरोपियों द्वारा एक राय होकर मृतक परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी ईतवारी राम को 30 सितम्बर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण मामले में पुलिस द्वारा अब तक कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### 71 पौवा देशी मसाला शराब जब्त, दो गिरफ्तार




**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस की अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 7810 कुल 71 पौवा देशी मसाला शराब जब्त किया गया है। आरोपियों लाकेश बंजारे 24 साल निवासी ग्राम रिसदा, मानसिंह ▶▶ शेष पेज 11 पर

### स्वच्छता ही सेवा के संदेश पर आयोजित किया कार्यक्रम

## छात्रों ने की चौक-चौराहे व नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में स्वच्छता ही सेवा संदेश पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा द्वारा विद्यालय प्रांगड़ सहित पेयजल स्त्रोत के आसपास व ग्राम के चौक–चौराहों व नालियों की सफाई की गई। सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रिसदा के बैनर तले




शिवानी, गंगोत्री मोहिनी, मुस्कान, यामिनी, पूनम, रोशनी, दीपाली, प्रियंका, सीमा, किशन, यशवंत, धनराज, हर्ष, साहिल, निक्की सहित छात्र–छात्राओं ने आकर्षक रंगोली, पोस्टर व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वच्छता का संदेश सब तक पहुंचाने का प्रयास किया। रैली के समापन पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रमेश नेगी ने स्वच्छता की शपथ दिलाकर स्वच्छता ही सेवा थीम पर संगठित होकर काम करने की अपील की। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक अनिल बंजारे, दीपचंद बंजारे, रूपनारायण साहू, रमेश नेगी, नंदकुमार मल्होत्रा, भावेश सेन, इंद्र कुमार कोसले, परस साहू, धर्मेंद्र खरे, सनत खरे, भारती ऊके, प्रीति जलहरे, प्रार्थना महोबिया, अर्चना वर्मा, गरिमा पैकरा सहित विद्यालयीन स्टाफ व छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

#### सिंगल यूज प्लास्टिक के गिनाए दुष्परिणाम




**बगबुड़ा।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम अहिल्दा, चिचिरदा, पंडरिया, परसाडीह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम स्वभाव स्वच्छता – संस्कार स्वच्छता रखी गई है, जिसका उद्देश्य समाज में स्वच्छता और संस्कारों के महत्व को उजागर करना है। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान, युवाओं द्वारा ग्रामवासियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि परिवार, गांव, मोहल्ला और शहर की स्वच्छता से समाज और मन में समृद्धि आती है। स्वच्छता न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक शांति के लिए भी आवश्यक है। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सिंगल यूज प्लास्टिक के रोकथाम एवं ग्रामीणों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। संगठन के ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 8 लीटर महुआ शराब जब्त, कोचिया पकड़ाया



**बिलाईगढ़।** थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व में रविवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिलाईगढ़ के बंगलाभाटा में रेड कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में आरोपी ललिता बाई देवांगन पति शंकर लाल देवांगन 55 वर्ष ग्राम बंगलाभाटा अपने घर के पीछे आंगन में भारी मात्रा में अवैध रूप से 8 लीटर कीमत 800 कच्ची महुआ शराब को बिक्री करने रखा था। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध कायम करते गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# सीमेंट कंपनियों ने नहीं मानी बात, नान ट्रेड सीमेंट के दाम नहीं लिए पूरी तरह वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के कहने के बाद भी नान ट्रेड सीमेंट की कीमत को अब तक पूरी तरह से वापस नहीं लिया है। उद्योग मंत्री लखन देवांगन के साथ बैठक के बाद कंपनियों ने दूसरे दिन दाम 15 रुपए ही घटाए। इसके बाद बची 20 रुपए ज्यादा कीमत को अब तक कम नहीं किया गया है।

कंपनियां कीमत कम नहीं करना चाहतीं, क्योंकि कंपनियों ने डीलरों से कहा है कि प्रतिस्पर्धा के कारण रेट 210 रुपए कर दिया गया था। अब वापस इतना रेट घटाना संभव नहीं है। इसी के साथ खुले बाजार के सीमेंट की कीमत एक बार फिर से 1 अक्टूबर से बढ़ाने की तैयारी है। इसकी कीमत भले 50 रुपए कम कर दी गई है, लेकिन बिलिंग में कीमत कम नहीं की गई। डीलरों को स्कीम के माध्यम से कीमत करके दी जा रही है, लेकिन अब स्कीमों को अक्टूबर माह से एक के बाद एक बंद करने की तैयारी है। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन देवांगन का कहना है, कंपनियों से बात की जाएगी, पूरी कीमत कम क्यों नहीं की गई है।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां हमेशा से बेलगाम रही हैं। कभी भी कीमत बढ़ा दी जाती है। अक्सर मानसून के समय डिमांड न होने के बाद भी कीमत में इजाफा किया जाता है। इस बार भी 3 सितंबर को कीमत 50 रुपए बढ़ाई गई थी। इसके बाद हरिभूमि में लगातार खबरों के प्रकाशन और चौतरफा दबाव के चलते खुले बाजार के सीमेंट में 45 रुपए और नान ट्रेड में 15 रुपए कीमत कम की गई। इसके बाद 10 दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सीमेंट कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें पुरानी कीमत लागू करने के निर्देश दिए तथा उनको बताया गया कि प्रदेश सरकार किसी भी हाल में मनमर्जी बर्दाश्त नहीं करेगी। अब भविष्य में कीमत बढ़ाने से पहले सरकार को इसके कारण के साथ जानकारी देकर मंजूरी लेनी होगी।

## उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने कहा- कंपनियों से करेंगे बात

### नहीं की पूरी कीमत कम

सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी सीमेंट के दाम जितने बढ़ाए थे, उतने कम नहीं किए हैं। नान ट्रेड में बैठक के दूसरे दिन कीमत 15 रुपए और कम करके कीमत को 230 रुपए कर दिया गया। सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों को नान ट्रेड सीमेंट का काम करने वाले डीलर बता रहे हैं कि सीमेंट कंपनियों का कहना है कि हमने प्रतिस्पर्धा के चलते दाम 210 रुपए कर दिए थे, लेकिन अब वापस इतने दाम करना संभव नहीं है। अब कीमत 230 रुपए ही रहेगी।



### कंपनियों से पूछेंगे- पूरी कीमत कम क्यों नहीं की

कंपनियों से साथ बैठक में बढ़ाई गई पूरी कीमत कम करने की बात हुई है। कंपनियों ने अगर पूरी कीमत कम नहीं की है तो उनसे पूछा जाएगा कि पूरी कीमत कम क्यों नहीं की गई है।

- लखन लाल देवांगन
उद्योग मंत्री, छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप



### नरैया तालाब गार्डन की सफाई, किया श्रमदान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 और बंच ऑफ फूल्स, यंग इंडिया के स्वयंसेवकों ने मिलकर नरैया तालाब गार्डन की सफाई करने अभियान चलाया। इस दौरान गार्डन की सफाई कर कचरा उठाकर स्वच्छता कायम की। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इस कार्यक्रम में जोन-6 अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र चंद्राकर सहित जोन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सामूहिक श्राद्ध 2 को

**रायपुर।** सर्व पितृमोक्ष अमावस्या के मौके पर राजधानी के वीआईपी रोड स्थित साधक आश्रम में 2 अक्टूबर को सामूहिक श्राद्ध का आयोजन किया गया है। इसमें ऐसे लोग भी शामिल हो सकेंगे, जिन्हें अपने पितरों की तिथि याद नहीं है और वे पितृ तर्पण करना चाहते हैं। सामूहिक श्राद्ध के कार्यक्रम का समय सुबह 9.30 बजे से रखा गया है, जिसमें सामूहिक श्राद्ध, पितृ तर्पण किया जाएगा।

### गुपचुप दुकान में गंदगी, 7 हजार जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन-3 अमले ने शंकरनगर वार्ड क्षेत्र के साईं गुपचुप दुकान की सफाई व्यवस्था निरीक्षण किया। इस दौरान जनशिकायत सही पाए जाने पर दुकान संचालक पर 7 हजार रुपए जुर्माना किया। दुकान में गंदगी की शिकायत मिलने पर जोन कमिश्नर जसदेव बांबरा और नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने यह कार्यवाही की।

### वृद्धाश्रम कोटा में बुजुर्गों को बांटे कपड़े



**रायपुर।** पितृपक्ष के अवसर पर बढ़ते कदम के वृद्धाश्रम कोटा में वृद्धजन एवं माता-पिता, जो आश्रम में निवास करते हैं, उनके लिए वस्त्रों का वितरण किया गया। साथ ही अनुज सोनी द्वारा फल बांटे गए। सभी ने वृद्धजनों से आशीर्वचन लिया और उनसे मुलाकात कर हालचाल जाना। यह कार्यक्रम स्व. जगरखन सिंह राजपूत के पितृ श्राद्ध के अवसर पर उनके पुत्र नरेश सिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर पश्चिम के मंडल अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, समाज के प्रमुख रामावतार सिंह, सुरेश सिंह क्षत्रिय, संतोष सिंह राजपूत, दिलीप सिंह, अवधेश सिंह, छन्नी राजपूत, उषा साहू एवं समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

## पंडाल में ही गुजर रहा दिन, बिछौना भी वहीं, राशन-पानी और चूल्हा लेकर आए प्रदर्शनकारी

# शहर से दूर ऐसा धरनास्थल, जहां न पानी की सुविधा न शौचालय, हक की आवाज बुलंद करने वाले परेशान

**प्रतीक्षालय में न लाइट, न पंखा, बिना दरवाजे का टायलेट, वॉश बेसिन टूटा-फूटा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

अपने हक की आवाज बुलंद करना कोई गुनाह नहीं है, पर शासन-प्रशासन और नगर निगम इस बात से इत्तेफाक नहीं रखता। तभी तो शहर से 17 किलोमीटर दूर नवा रायपुर के तूता गांव में ऐसी जगह पर धरनास्थल बनाया गया है, जहां प्यास लगे तो पीने को साफ पानी नहीं, टायलेट जाना हो तो ढंग का शौचालय नहीं।

विश्राम के लिए प्रतीक्षालय तो है, पर वहां न लाइट है न पंखा। बिना दरवाजे का टायलेट और बिना नल का वॉश बेसिन, यह अजब नजारा तूता के धरनास्थल पर नजर आता है। हरिभूमि ने भुक्तभोगियों से बातचीत की तो उनकी पीड़ा इस तरह छलक उठी।

### सांप-बिच्छू के बीच धरना : गीता

पति की असमय मौत के बाद रोजी-रोटी की चिंता से जूझ रही दिवंगत पंचायत शिक्षक की बेवा गीता जुर्री ने बताया कि 18 दिनों से गांव कसवाही कांकेर से तूता आकर धरने पर बैठी हैं। 2017 में पति की अचानक मौत हो गई, वे गांव में पंचायत शिक्षक थे। छोटा बच्चा स्कूल में पढ़ रहा है। परिवार का गुजर-बसर मुश्किल हो गया है, इसलिए अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर यहां धरना पर बैठी हैं। धरनास्थल पर सांप-बिच्छू के बीच रात गुजारने में डर लगता है, पर जिसका सहारा छिन गया हो, वे क्या करें?



### 8 साल से अनुंकपा के लिए भटक रही : हेतरानी



गांव पिसदा बालोद की हेतरानी पिसदा के पति कवर्धा में पंचायत शिक्षक थे। साल 2016 में नौकरी में रहते हुए दिवंगत हो गए। अनुकंपा नियुक्ति के लिए वे पिछले 8 साल से भटक रही हैं। 19 दिन हो गए पंडाल में रहते, यहीं सबके लिए खाना बनता है। रात को यहीं पर सो जाते हैं। हेतरानी ने बताया कि यहां उनकी ही तरह कांकेर, राजनांदगांव, बालोद जिले से महिलाएं और उनके परिजन आए हुए हैं, जो रात को धरनास्थल पर ही रहते हैं। पेट भरने घर से राशन-पानी लेकर आए हैं। पंडाल में गैस चूल्हे पर खाना बनता है।

### यहां का टायलेट टूटा-फूटा है, नहाने की जगह नहीं, इसलिए तालाब जाते हैं

गांव कुसमकसा बालोद की रेखा नायक ने बताया कि उनकी साथी महिलाएं रोज सुबह होने से पहले ही उठ जाती हैं, क्योंकि धरनास्थल का टायलेट बेहद गंदा और टूटा-फूटा है। टायलेट के एंट्री पाइंट में दरवाजा ही नहीं है, इसलिए वे गांव के पास के तालाब जाती हैं। यहां प्रसाधन की सुविधा रहती तो ऐसी नौबत नहीं आती। शर्म की बात है कि प्रदेश की राजधानी का धरनास्थल मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।



## डीएड बीएड प्रशिक्षितों ने ये कहा

### रोज आना-जाना



धमतरी की सुनंदिनी साहू का कहना है, रोज आना-जाना करती हूं, क्योंकि यहां पर रुकने के लिए व्यवस्था नहीं है। शाम ढलने के बाद यहां रहने में डर लगता है। वेटिंग रूम बना है, पर वहां दरवाजा तक नहीं है।

### बाहर वाले आखिर क्या करें ?



दुर्ग की शिखा चौहान का कहना है, स्थानीय लोग तो प्रदर्शन के लिए यहां आ सकते हैं, पर जो शहर से बाहर रहते हैं, उनके लिए इतनी दूर धरनास्थल पर आना बहुत मुश्किल होता है, आखिर क्या सोचकर यहां पर धरनास्थल बनाया?

### बहुत दिक्कत है यहां



बिलासपुर से आई मधु यादव ने बताया कि वे रोज बिलासपुर से धरनास्थल आना-जाना करती हैं, क्योंकि यहां वॉशरूम बहुत गंदा है, कभी सफाई ही नहीं होती, धरनास्थल वाली जगह असुरक्षित है। तकलीफ ज्यादा है, पर अपने हक के लिए यहां आती हैं।

# चलाया सफाई अभियान, स्वच्छता के प्रति सजग रहने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तर विधानसभा अंतर्गत गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के तहत नगर निगम द्वारा आयोजित श्रमदान कार्यक्रम केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के उपस्थिति में हुआ।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्री साहू और उपमुख्यमंत्री श्री साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर से प्रारंभ हुआ है, जिसमें सरकार ने तय किया है कि हम सभी मिलकर शहर, अपने गांव, गली-मोहल्लों को स्वच्छ बनाएंगे, जिससे एक शुद्ध और साफ वातावरण का निर्माण हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश व समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि स्वच्छता के क्षेत्र में देश को नंबर वन बनाना है, इस दिशा में हम सबको कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने, समय देने तथा श्रमदान कर स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने स्वच्छता ही सेवा के लिए शपथ दिलाई।

- केंद्रीय राज्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधायक ने भी हाथों में झाडू लेकर की साफ-सफाई




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जोन 3 के अध्यक्ष प्रमोद साहू, भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, भाजपा प्रवक्ता उमेश घोरमोड़े, मंडल अध्यक्ष अनूप केलकर, गोरेलाल नायक, सुनील कुकरेजा, संतोष साहू, पार्षद रोहित साहू, पार्षद सुमन राम प्रजापति, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा संतोष साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, महामंत्री सुधीर चौबे, हरीश सिंह, गुणनिधि मिश्रा, राधेश्याम बाघ, अनीता महानंद, मीना सेन, विकास गुप्ता, भरत कुंडे, गोकुल थानापति, जितेंद्र साहू सहित भाजपा एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक हों

विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और विकसित समाज की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इसी तरह केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी हाथों में झाडू लेकर साफ-सफाई की।

## गोमाता को सड़क दुर्घटना से बचाने पहनाई रेडियम की माला



**रायपुर।** गोमाता को सड़क एक्सीडेंट से बचने के लिए दीनदयाल मित्र मंडल द्वारा सरोना से डीडीनगर तक रविवार को 50 गोमाता को रेडियम की माला पहनाया गई। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर के रिंगरोड पर हमेशा अंधेरा होने के कारण गोमाता के एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। 112 या अन्य नागरिकों से सूचना मिलती थी, जिसे बचने के लिए रेडियम की माला पहनाई है। इस गोसेवा कार्य को देखते हुए भागवताचार्य पं. अनिकेत कृष्णा शास्त्री ब्रिज बिहारी महाराज ने भी साथ मिलकर गोमाता को रेडियम की माला पहनाई। इस कार्य में संस्था प्रमुख अमित पांडे, रुस्तम पाटिल, संदीप शर्मा, करण सूना, प्रमोद, अजय रजक एवं कुशल सेन उपस्थित थे।

# शहर में पहली बार दिखाए जाएंगे सेना के हथियार और उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में इंडियन आर्मी के टैंक और हेलीकॉप्टर से कमांडोज जंप लगाते हुए दिखाई देंगे। युद्ध क्षेत्र में सेना कैसे अपना ऑपरेशन करती है, इसका डेमो दिया जाएगा।

सेना के आधुनिक हथियार की जानकारी दी जाएगी। इसका आयोजन जिला प्रशासन और इंडियन आर्मी के सहयोग से 5-6 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने भारतीय सेना के जवानों की टीम रविवार की सुबह रायपुर पहुंची। इस दौरान कलेक्टर तथा जिला प्रशासन ने भव्य स्वागत किया। सशस्त्र सैन्य समारोह में भारतीय सेना के बारे में युवाओं को आम नागरिकों को जानने का मौका मिलेगा।

## जवानों का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत



### सेना के हथियार और उपकरण दिखाए जाएंगे

यह छत्तीसगढ़ में होने वाला अनोखा आयोजन है। इसमें आम जनता को सेना के बारे में करीब से जानने का मौका मिलेगा। स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स को इसे दिखाने की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल पर भारतीय सेना के हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन होगा। इनमें की टैंक्स, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, आर्टिलरी गन्स और एयर डिफेन्स गन्स दिखाई जाएंगी। कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन 5 अक्टूबर की शाम सेना के बैंड द्वारा दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक भव्य म्यूजिकल शो का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें जबलपुर और वाराणसी से आए मिलिट्री बैंड्स शामिल होंगे।

- 5 व 06 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगा सशस्त्र सैन्य समारोह

# नवरात्रि पर डोंगरगढ़ में 10 एक्सप्रेस का स्टॉपेज, तीन रद्द मेमू बहाल, यात्रियों के लिए अतिरिक्त कोच भी

- नवरात्रि पर्व को लेकर रेलवे ने डोंगरगढ़ स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का बढ़ाया स्टॉपेज
- 10 दिनों तक दुर्ग-गोंदिया ट्रेन रायपुर तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाते हैं। ट्रेन में सफर के दौरान भक्तों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस बार रायपुर से डोंगरगढ़ तक जाने हर दो घंटे में यात्रियों को ट्रेन मिलेगी। लौटने के लिए रात में 3 बजे तक ट्रेन उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ में दिया गया है।

रद्द तीन मेमू ट्रेनों को री-स्टोर किया गया है, वहीं चार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की सुविधा से नागपुर, गोंदिया और बिलासपुर समेत दूसरे राज्य के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। डोंगरगढ़ में 3 से 12 अक्टूबर तक अस्थायी ठहराव रहेगा।

### डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव

- 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस
- 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
- 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस
- 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस
- 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस



*इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन*

*दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें लगभग 6000 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी।*

*रद्द मेमू स्पेशल ट्रेन री-स्टोर : 2 से 12 अक्टूबर तक 3 मेमू स्पेशल ट्रेनों को अस्थायी तौर पर री-स्टोर किया गया है। 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर 2 से 12 अक्टूबर तक अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर और 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर समयानुसार चलेगी। इसके अलावा 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस में 2 से 12 अक्टूबर तक एक द्वितीय श्रेणी कोच लगाया गया है। यह सुविधा 12240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस, 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी और 12856 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस में भी मिलेगी।*

### यात्रियों को मिलेगी स्पेशल ट्रेन की सुविधा

इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ के अवसर पर 6 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा, जिनमें 08893 गोंदिया-सांतरागाछी दुर्गा पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए-गोंदिया से 4 एवं 9 अक्टूबर, 08894 सांतरागाछी-गोंदिया, दुर्गा पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए-सांतरागाछी से 5 एवं 10 अक्टूबर, 08895 गोंदिया-छपरा छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए छपरा से 4 एवं 5 नवंबर, 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08898 पटना-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए पटना से 4 एवं 5 नवंबर शामिल हैं।

# पॉश इलाके में चोरों का धावा, दो घरों से उड़ाए 30 लाख के जेवर-नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार को जिन दो घरों में चोरी की घटना सामने आई थी, उन घरों से चोरों ने 30 लाख रुपए से ज्यादा कैश तथा ज्वेलरी चोरी की है। इनमें एक बीमा अधिकारी का घर है तथा दूसरा एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने मुंबई गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक, चोरों ने हनुमान प्रदास दुबे तथा सुरेश बिजलानी के सूने मकान में धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। हनुमान बीमा सलाहकार हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वे काम पर चले गए थे। शाम को घर में काम करने वाली बाई ने कॉल कर हनुमान को बताया कि उनका तथा पड़ोसी सुरेश के घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर हनुमान ने घर पहुंचकर देखा तो अज्ञात चोर घर के आलमारी में रखे नकदी एक लाख 82 हजार रुपए चोरी कर ले गया है।

### चोरी की सूचना मिली तो फ्लाइट से पहुंचा पड़ोसी

हनुमान ने अपने पड़ोसी सुरेश को उनके घर में चोरी होने की सूचना दी, जिसके बाद सुरेश शनिवार सुबह मुंबई से फ्लाइट का सफर कर रायपुर पहुंचा। घर पहुंचने के बाद सुरेश ने देखा कि घर की आलमारी खुली हुई है। अज्ञात चोर आलमारी के लॉकर में रखे डायमंड नेकलेस, डायमंड रिंग, सोने के जेवर और नकदी उड़ा ले गया है। सुरेश ने डायमंड के जेवर 35 वर्ष पूर्व खरीदे थे।

खबर संक्षेप



## चाकू लहराकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** धारदार चाकू के साथ आरोपी ओमप्रकाश उर्फ कृष्णा गिरफ्तार हो गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उमिया मार्केट भनपुरी में एक बदमाश चाकू लहराते हुए आने-जाने वालों को डरा-धमका रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो एक बदमाश अपने हाथ में चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा था, जिसे पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम ओमप्रकाश उर्फ कृष्णा निवासी डेरापारा रावांभाठा थाना खमतराई बताया। आरोपी के विरुद्ध थाना खमतराई में आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर केस दर्ज किया गया।

## राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ की अध्यक्ष बनीं अल्पना




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें डॉ. अल्पना घोष निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं। उपाध्यक्ष पद पर किरण खरे एवं कोषाध्यक्ष अनिल कुमार पाठक निर्वाचित हुए। इसी तरह सचिव सचिन शर्मा एवं संयुक्त सचिव पद पर भुवनेश्वर नायक चुने गए। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा कन्वेंशन हॉल न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइंस में सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वित्त सचिव शारदा वर्मा एवं अध्यक्षता संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन रितेश कुमार अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सचिव वित्त शारदा वर्मा ने वित्त विभाग को राज्य शासन की रीढ़ बताते हुए राज्य वित्त सेवा के संवर्धन में संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। संचालक ने वित्त विभाग में लागू की जा रही डिजिटल प्रणाली के महत्व पर जानकारी दी।

### मध्यप्रदेश के लिए बस संचालित करने फेयर पॉलिसी बनने के बाद दौड़ेंगी बसें

# इंटरस्टेट बसों के संचालन के लिए अब महाराष्ट्र, तेलंगाना के अफसरों से संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

परिवहन विभाग के अफसर राजस्व वृद्धि के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर पड़ोसी राज्यों के परिवहन अफसरों से संपर्क कर इंटरस्टेट बस संचालित करने मसौदा तैयार कर रहे हैं। डेढ़ दशक के बाद मध्यप्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने इंटरस्टेट बस संचालित करने एमओयू किया है। परिवहन विभाग के अफसरों के मुताबिक, फेयर पॉलिसी बनने के बाद मध्यप्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा शहरों के लिए छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश की बसों का संचालन किया जाएगा।

परिवहन विभाग के अफसरों का कहना है, मध्यप्रदेश के साथ इंटरस्टेट बस संचालन करने एमओयू करने के बाद अब तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा उत्तरप्रदेश तक बसें चलाने परिवहन विभाग के अफसर संबंधित राज्यों के परिवहन अफसरों से बातचीत कर रहे हैं। तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा उत्तरप्रदेश के परिवहन विभाग के अफसरों के साथ राज्य के परिवहन विभाग के अफसरों की दो दौर की बातचीत हो चुकी है।

#### चर्चा कर रहे

आम यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार करने मध्यप्रदेश के साथ इंटरस्टेट बस चलाने एमओयू किया गया है। पड़ोसी राज्य तेलंगाना, उत्तरप्रदेश तथा महाराष्ट्र में भी इंटरस्टेट बसें संचालित करने अनुबंध किया जाएगा। इसके लिए संबंधित राज्यों के परिवहन अफसरों से चर्चा की जा रही है।
**- डी. रविशंकर,** अतिरिक्त परिवहन अधिकारी

#### इंटरस्टेट बसें संचालित होने से राजस्व वृद्धि का अनुमान




File Photo

#### तीर्थस्थलों के लिए सीधी बस सेवा

उत्तरप्रदेश के लिए बसें संचालित करने तीर्थस्थलों को ध्यान में रखते हुए मसौदा तैयार किया जा रहा है। इनमें प्रयागराज के साथ ही अयोध्या, मथुरा, काशी, बनारस रूट को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग के अधिकारी इंटरस्टेट बसें संचालित करने रूट प्लान तैयार कर रहे हैं। वर्तमान में रायपुर, बिलासपुर तथा अंबिकापुर से बनारस तथा प्रयागराज के लिए सीधी बस सेवा है।

#### यात्री सुविधा के साथ कारोबार को बढ़ावा

मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना में सीधी आवाजाही करने ट्रेन रूट ज्यादा सुविधाजनक है। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते इन राज्यों में लंबी दूरी के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही कारोबार भी प्रभावित होता है। पड़ोसी राज्यों तक बसें चलाने से यात्रियों को सुविधा तो होगी ही, साथ ही कारोबार को बढ़ावा भी मिलेगा।

#### ज्यादातर इंटरस्टेट बस टूरिस्ट परमिट में

*ओडिशा को छोड़ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के लिए वर्तमान में जिन बसों का संचालन हो रहा है, वे टूरिस्ट परमिट पर संचालित हो रही हैं। एमओयू होने के बाद उन राज्यों में बस संचालित करने रेट पॉलिसी बनेगी। इसके अलावा परिवहन विभाग इंटरस्टेट बस संचालित करने जो परमिट जारी करेगा, उसमें अलग से टैक्स मिलेगा। टूरिस्ट परमिट में टैक्स की दर कम होने से परिवहन विभाग को राजस्व का नुकसान होता है।*

#### एमपी के इन प्रमुख शहरों तक बसों का संचालन

*मध्यप्रदेश में इंटरस्टेट बस संचालित करने जो एमओयू किया गया है, उसके मुताबिक, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा, अमरकंटक मार्ग शामिल हैं। मध्यप्रदेश के लिए रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, जगदलपुर से बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है, मध्यप्रदेश के 53 रूट पर बसें संचालित करने एमओयू किया गया है।*

## क्षेत्र के शिक्षकों का शिक्षक रत्न से हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

जिले में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों को छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षा रत्न से सम्मान किया गया।

इसका आयोजन महासमुंद जिले के सरईपाली में हुआ। सम्मान के क्रम में पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह के शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन, पूर्व माध्यमिक शाला रामपुर के शिक्षक मिश्रीलाल साहू, पूर्व मा शाला बैगनडबरी के शिक्षक रमाशंकर साहू, हाई स्कूल के व्याखाता गौतम कुमार भारती, प्राथमिक शाला दर्री के सहायक शिक्षक महादेव प्रसाद जायसवाल, प्राथमिक शाला डेराडीह के सहायक शिक्षक तुलसी प्रसाद साहू, हाई स्कूल बरेली के लखेश्वर साहू और हिरसाय बरेठ, प्राथमिक शाला सुकली के शिक्षिका सरिता चंद्रा, प्राथमिक शाला नरधा के शिक्षिका मोती साहू, प्राथमिक शाला मोहतरा के सहायक शिक्षिका कामनी किरण साहू का सम्मान किया गया।

विदित हो कि इस सम्मान कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, जनजागरूकता का प्रचार - प्रसार, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला संस्कृति, समाज सेवा, महिला - सशक्तिकरण,अंधविश्वास - निर्मूलन और वृक्षारोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने वाले व्यक्ति व संस्था का चयन उनके विशिष्ट व विलक्षण प्रतिभा के आधार हुआ है।

## ट्रेडिंग का झांसा देकर रेलवे के जेई से ठगे पौने सात लाख

**रायपुर।** मुजगहन थाने में रेलवे के जेई ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ ऑनलाइन ट्रेडिंग तथा आईपी इन्वेस्टमेंट में मुनाफा मिलने का झांसा देकर पौने सात लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, भुनेश्वर साहू ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। भुनेश्वर ने पुलिस को बताया कि अज्ञात जालसाज ने उसे अपने वाट्स एप ग्रुप में जोड़कर ऑनलाइन ट्रेडिंग तथा आईपी इन्वेस्टमेंट में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है।

## जूनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ कुराश टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

हिमाचल प्रदेश के नूरपुर में 1 से 3 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल कुराश चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ कुराश टीम की घोषणा सचिव आदित्य सिंह ने की।

खिलाड़ियों में कोरबा से साहिल, नवीन, तोषण, जतिन, अक्षत, हर्षराज, जय किशन, पंकज, जांजगीर-चाम्पा जिले से पुष्पेंद्र, शिवम, भावेश, आशीष, प्रेमलता, सुमन, रेशमा, भूमिका, अनुराधा, जितेश्वरी, जय किशन, पंकज, खुशांशु, सन्दीप, अनुराग, श्रीकांत, बिलासपुर जिले से नलिनी, समीर कश्यप बलौदाबाजार भाटापारा जिले से अंकित दिवाकर, राजकुमार ध्रुव, समीर, घृतेश, फैजुल, हर्ष, सागर, स्वालेहा, सेजल, भूमिका, आयूषी, दुर्ग जिले से तिशा देशमुख, राजनांदगांव से आरिशा खान कोच पवन, पुष्पा मैनेजर रवि तोमर शामिल हैं।

टीम में घोषित खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ ओलिम्पिक संघ उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सचिव आदित्य सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन कोषाध्यक्ष आशीष यादव, निलेश यादव उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन, चीफ कोच जगदीश चौधरी, टेक्निकल चेयरमैन वर्षा मिरी, सहसचिव पूनम अहीर, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सदस्य ओम मिश्रा, जी अजित, सुकलाल यदु, गौतम मिरी, गोपी देवांगन, सरस्वती यादव, रमा टण्डन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## सदस्यता अभियान को त्यौहार के रूप में मनाने जुटी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला



भाजपा सुहेला मंडल की सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक कुर्मी भवन सुहेला में संपन्न हुई। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने हुए कहा कि यह भाजपा संगठन का महापर्व है, इसे हम त्यौहार के रूप में मना रहे हैं। हमें अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाने है, इसके लिए प्रत्येक घर में हमारा कार्यकर्ता जाए और लोगों को भाजपा से जोड़ने का प्रयास करें। मंत्री बनने के बाद क्षेत्र में हर गांव में हम विकास के कार्य दे रहे हैं, क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं होगी आप सभी की भी जिम्मेदारी है। बैठक को जिला रायपुर ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष राम पंजवानी जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया ने भी सम्बोधित किया, बैठक में महामंत्री हेमंत बघमार, धनीराम साहू भाजयुमो अध्यक्ष करन वर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष द्वारिका वर्मा, कलीराम वर्मा, कीर्ति वर्मा, मानेश्वरी साहू, रामकुमार साहू, चंद्रावती वर्मा, संतन बांधे, लकेश्वर साहू, अनिल यादव, महिष जांगड़े, श्यामलाल बघमार, सत्या जोगी, युगल किशोर वर्मा, दिनेश चवरे, त्रिलोचन वर्मा, टकेश्वर वर्मा, हेमंत साहू सहित शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सह संयोजक सह प्रभारी बूथ अध्यक्ष सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पेज 7 के शेष

#### एमबीबीए की पढ़ाई ...

के रूप में चेक प्रदान करने की मदद की, क्योंकि जानकारी के मुताबिक यह चेक स्वीकृत के रूप में आ चुका था, मगर कुछ तकनीकी कारणों से छात्र तक नहीं पहुंच पाया था, जिसे जिलाधीश दीपक सोनी ने तत्परता दिखाते हुए मामले को गंभीरता से समझते हुए पहल की और सोमवार को छात्र तक उनकी सहायता राशि के रूप में चेक प्रदान करवाया। इसके लिए छात्र केशव साहू और उसके परिजन ने जिलाधीश को धन्यवाद दिया। इससे साहू परिवार में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने भी केशव साहू को पढ़ाई पूर्ण करने तथा भविष्य में एक अच्छा डॉक्टर बनने बधाई दी। विधायक प्रतिनिधि जीत्तू ठाकुर, निपानिया ग्राम पंचायत के सरपंच कामता प्रसाद रावत ने भी इस बात की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

#### 71 पौवा देशी...

टंडन 20 साल निवासी वार्ड नंबर 11 दशरमा रोड बलौदाबाजार के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा है।

#### कांग्रेस न्याय यात्रा ...

चलाने में पूरी तरह नकाम है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, अवैध शराब गाव गांव तक पहुंच गई, कमीशन खोरी चर्म सीमा पर है। गायों की स्थिति सब देख रहे हैं, इन सब मुद्दों को लेकर यात्रा के माध्यम से जनता के बीच पहुंच रहे। यात्रा में कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम के साथ साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया और कांग्रेस सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

#### 8 लीटर महुआ...

सदस्यों ने प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुंगेश्वर बन्दे, राजेंद्र बन्दे, उपेन्द्र, शनि कुमार, सुग्रीव कुमार यादव, राहुल यादव, तुलसी वर्मा, पोसू वर्मा, लाला राम पटेल आदि युवाओं की विशेष सहभागिता रही।

## मां दुर्गा को अंतिम रूप में देने में जुटे मूर्तिकार...



**बलौदाबाजार।** नवरात्रि पर्व के लिए जहां मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई है, वहीं दूसरी ओर अंचल के मूर्तिकारों ने देवी प्रतिमाओं को पूर्ण कर अंतिम रूप देने में जुटे हैं। 3 अक्टूबर से नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो रही है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्सुकता है। पर्व के लिए अंचल के देवी मंदिरों में भी साफ-सफाई, सजावट सहित अन्य तैयारियां शुरू कर दी गई है। नवरात्रि पर्व पर पूजा समितियों द्वारा देवी मां की मूर्तियां पूजा पंडालों में स्थापित किए जाने की प्रारंभिक तैयारियां की जा रही है।

## 2 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह, जगह-जगह होंगे विविध कार्यक्रम

**बलौदाबाजार।** महात्मा गांधी की जयंती पर मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिए 2 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर परिसर एवं समस्त स्कूल, कॉलेज, अस्पतालों में निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे कलेक्टर परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं नशामुक्ति के संकल्प पत्र का वाचन एवं महात्मा गांधी का जीवन परिचय, 3 अक्टूबर को चित्र पोस्टर प्रतियोगिता शा.मिनी माता कन्या महा.ब.बा निबंध प्रतियोगिता हिन्दी, छत्तीसगढ़ी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बलौदाबाजार, स्लोगन प्रतियोगिता हिन्दी छत्तीसगढ़ी शा.दाउ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार, 4 अक्टूबर को भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा रैली एवं प्रचार–प्रसार ग्राम पंचायत टोनाटार, अर्जुनी, मल्दी, मोपर विकासखंड– भाटापारा 5 अक्टूबर को भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा रैली एवं प्रचार–प्रसार ग्राम पंचायत मोहत्तरा (क), चरौदा (क),दर्रा (क) विकासंखड– कसडोल, 6 को भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा रैली एवं प्रचार–प्रसार ग्राम पंचायत पुरेनाखपरी, लठुवा, लाहोद विकासखंड– बलौदाबाजार, 7 अक्टूबर को रैली नुक्कड़ नाटक का आयोजन जिसमें रैली शासकीय दाउ कल्याण महाविद्यालय के छात्र– छात्राओं द्वारा कॉलेज से गार्डन चौक से कलेक्ट्रेट परिसर तक। नुक्कड़ नाटक– छह छात्र–छात्राओं द्वारा एवं 8 अक्टूबर को भारत माता वाहिनी द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर नशामुक्ति हेतु दीवार लेखन एवं नशा मुक्ति अभियान का प्रचार प्रसार कार्यक्रम शामिल हैं।

## मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने आज सौपेंगे ज्ञापन

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जिला महासमुंद द्वारा 30 सितंबर को बालाजी मंदिर प्रसाद के विषय व सरकार द्वारा अधिग्रहित मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने के विषय को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। एकत्रीकरण का कार्य लोहिया चौक महासमुंद में सुबह 11 बजे होगा। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री धनेंद्र चंद्राकर ने दी है।

AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree in Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and<br>2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and<br>3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and<br>4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR<br>1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and<br>2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree in Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agraseniti@gmail.com

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### फुटबाल ट्रॉफी स्पर्धा के लिए टीम रवाना

**महासमुंद।** बिलासपुर में 1 अक्टूबर को 16वीं राज्य स्तरीय नवभारत फुटबाल ट्रॉफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके लिए महासमुंद की टीम रवाना हो गई है। जिसमें 19 खिलाड़ियों की एक टीम साथ गई है। टीम की रवानगी के समय प्रमुख रूप से संतोष साहू जिला सचिव फुटबॉल संघ, यतींद्र राव, राजकुमार राठौर, छन्नू साहू खेल शिक्षक, शैलेंद्र हिरवानी, विपिन शर्मा, लाल विजय सिहदेव, प्रेम वर्मा, राहुल चंद्राकर, श्रेयांश चंद्राकर, स्वप्निल चंद्राकर, दीपक आदि मौजूद रहे।

### स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने स्वेच्छानुदान मद से नियमों को शिथिल करते हुए जिले के जरूरतमंद हितग्राही के लिए राशि स्वीकृत किए है। इनमें महासमुंद विकासखंड के ग्राम आमाकोनी, खम्हरिया के थान सिंह दीवान के लिए राशि स्वीकृत किया गया है।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 02 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें विकासखंड बागबाहरा के ग्राम तेंदूकोना के मृतक श्याम लाल निषाद का पानी में डूबने से मृत्यु होने पर एवं चोरभट्टी की मृतका लच्छीनबाई ध्रुव की मृत्यु गाज गिरने से होने पर उनके निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### साधारण सभा की बैठक 25 अक्टूबर को

**महासमुंद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर किया गया। उपरोक्त सूची को अद्यतन कर सूचना पटल में अंतिम रूप से प्रकाशित किया गया है। भारतीय रेडक्रॉस समिति के सचिव डॉ. पी. कुदेशिया ने बताया कि अंतिम रूप से प्रकाशित संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की सूची के आधार पर शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12 बजे साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिसमें जिला प्रबंध समिति के गठन की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उन्होंने समस्त संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को उपस्थित होने आग्रह किया है।

### कक्षा 1 से 5 तक तिमाही आंकलन परीक्षा प्रारंभ



**महासमुंद।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार कक्षा पहली से पांचवी तक की तिमाही आंकलन परीक्षा प्रारंभ हो गई है। इन परीक्षाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन करना और उनकी पढ़ाई में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाना है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त वातावरण में परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इन परीक्षाओं के परिणाम से विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा और उन्हें आगे की कक्षाओं में और बेहतर तरीके से पढ़ाई करने में सहायता मिलेगी। शिक्षकों ने कहा कि आकलन का मुख्य उद्देश्य है कि सभी विद्यार्थियों को समान अवसर मिले और उनकी शैक्षणिक उन्नति हो। साथ ही कक्षा अनुरूप विभिन्न सीखने के प्रतिफलों को प्राप्त कर सके। संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू, शिक्षक बलराम नेताम, परीक्षा संचालन में उपस्थित रहे।

# आवास चौपाल में पीएम आवास योजना की दी जा रही जानकारी

## आवास निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री आपूर्ति की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने एवं हितग्राहियों को जानकारी सह प्रेरित करने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के निर्देश में जिले के गांव-गांव में आवास चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज निम्न ग्राम पंचायतो में आवास चौपाल का आयोजन किया गया है। जिसमें जनपद बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम खटियापाटी, सुढेला, सुढेली, धाबाडीह, खजुरी, कोलयारी, सलोनी, मेढ़, मुड़ियाडीह, लटुआ, सोनाडीह, झोका, पलारी जनपद अंतर्गत खैरा, मुड़पार एवं कसडोल जनपद अंतर्गत सरवानी, सेल, सोनपुर, कुरनाझर, मोहतरा, अमलीडीह, खपराडीह, पुलेनी, नगेड़ी, अर्जुनी, हसुआ, धमलपुरा, कंजिया, मड़वा शामिल हैं। आवास चौपाल के माध्यम से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत वर्ष 2024–25 में चयनित हितग्राहियों का उन्मूखीकरण कार्यक्रम किया जा रहा है। आवास चौपाल के माध्यम से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को योजना से संबंधित समस्त जानकारी दी जा रही है। साथ ही आवास निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री की आपूर्ति हेतु सामाग्री सप्लायर तथा ग्राम पंचायत में उपलब्ध राजमिस्त्री एवं सामाग्री उपलब्धता की जानकारी हितग्राहियों को दी जा रही है।




### तकनीकी अमला कर रहा मार्गदर्शन

जनपद पंचायतों में पदस्थ तकनीकी अमलों के माध्यम से तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिससे आवास निर्माण एवं नियत समय पर पूर्ण किया जा सकें तथा चयनित हितग्राही बिना किसी असुविधा के अपने आशियाना बना सके। आवास चौपाल के माध्यम से वर्ष 2024–25 में स्वीकृत हितग्राहियों का नाम वाचन कर उनको किश्त जारी की सूचना दी जा रही है। आवास चौपाल के आयोजन से हितग्राहियों में उत्साह का माहौल है एवं योजनांतर्गत लाभ प्राप्त होने से शासन के प्रति आभार व्यक्त किया जा रहा है।

## जिला प्रशासन की कार्रवाई : सोशल मीडिया पर रखी जा रही पैनी नजर

# भड़काऊ वीडियो, 19 इंस्टाग्राम पेज बंद

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर में दस जून को घटित आगजनी की घटना एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। इसके तहत प्रशासन को बड़ी सफलता मिल रही है। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश में जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति की रिपोर्ट के आधार पर लगातार संदिग्ध आईडी की पहचान हेतु गूगल, इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सप कंपनियों से सायबर सेल द्वारा संपर्क किया जा रहा है। इसके तहत 88 यूआरएल मेटा को भेजा गया था, जिसमें से 19 इंस्ट्राग्राम को पेज को बंद करने की कार्रवाई की गई है। साथ ही 3 इस्टाग्राम पेज से भड़काऊ वीडियो को डिलीट किया गया है। इसके साथ ही अनुविभाग गिरौद द्वारा 5 अपराधियों की पहचान कर 1 के खिलाफ धारा 107, 116 (3) के तहत कार्रवाई की गई है एवं 4 ने माफीनामा कबूल करते हुए उनके परिजनों को उक्त प्रकरणों में भी समझाइश दी गई है। इसके अतिरिक्त सायबर पुलिस एवं थाना प्रभारियों की मदद से सोशल मीडिया में असंवैधानिक एवं गैर कानूनी कार्य करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।



### भड़काऊ कंटेन पोस्ट करने से बचे उपयोगकर्ता

जिला प्रशासन ने जिलावासियों से अपील करते हुए सभी व्यक्ति से सोशल मीडिया में भड़काऊ कंटेन पोस्ट करने से बचने कहा है। यदि किसी भी व्यक्ति का पोस्ट भड़काऊ या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला होगा तो निश्चित ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि कानून एवं व्यवस्था के संदर्भ में सोशल मीडिया के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया में जिले के संबंध में चल रहे गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं नकारात्मक गतिविधियों संबंधी लेखों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति का गठन किया गया है। इसके माध्यम से सोशल मीडिया में नकारात्मक लेखों, तथ्यों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। अवैधानिक,अ संवैधानिक, गैर कानूनी एवं आपत्तिजनक पोस्ट, कमेंट्स आदि पाये जाने पर समिति प्रतिदिन जानकारी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को त्वरित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा रहा है। उक्त बैठक में मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, डीएसपी श्रीवास्तव, डीआईओ सत्यनारायण प्रधान, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी, सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी सहित मनोज पठारी उपस्थित थे।

### नगर में एनएसएस के छात्रों ने निकाली स्वच्छता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान की कड़ी में नगर भटगांव के शासकीय आरएनएम महाविद्यालय भटगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने रैली निकाली गयी। रैली बस स्टैण्ड से प्रारंभ होकर गायत्री मंदिर, साईं मंदिर, शनि मंदिर, केशरवानी मोहल्ला, गांधी चौक होते हुए शीतला चौक पहुंची। शीतला चौक के किनारे बड़े तालाब में पचरी घाट व मंदिर – परिसर की सफाई करने के बाद पुनः रैली पुराना नगर पंचायत भवन तक निकली। रैली में महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी तथा नगर पंचायत भटगांव के ब्राण्ड एम्बेसडर डॉ. गिरीश वैष्णव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश पटेल, वरिष्ठ स्वयंसेवक नारायण साहू, भारती साहू, संजना बघेल सहित विद्यार्थियों ने सहभागिता निभायी।

# दुर्घटना में गाय की मौत, होटल संचालक ने किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

गौ माता की महत्ता हमारे समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं। गौ माता का जयकारा लगाने या सोशल मीडिया पर बातें करने से उनकी रक्षा या सम्मान नहीं हो सकता। इसके लिए धरातल पर वास्तविक कार्य करने की आवश्यकता है। बालोदाबाजार मुख्य मार्ग पर श्री सीमेंट के मुख्य गेट के पास एक भारी वाहन की चपेट में आकर एक गाय मृत पड़ी रही। यह घटना रात में हुई और गाय वहां लगभग 12 घंटे से अधिक समय तक पड़ी रही। इस दौरान हजारों लोग उस रास्ते से गुजरे, लेकिन किसी ने भी उसकी सुध नहीं ली। वहीं चंडी निवासी ग्रामीण राजू जो रोड किनारे एक झोपड़ी में होटल चलाते हैं की पहल पर उनका विधि विधान पूर्व उनका अंतिम संस्कार किया गया।



राजू वर्मा का 3 वर्ष पूर्व एक्सीडेंट हुआ था जिसमें नस दबने कारण उनका एक हाथ ठीक कार्य नहीं कर पाता है, उसके बावजुद भी इस घटना के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने केवल गाय का अंतिम संस्कार करने का कार्य नहीं किया, बल्कि उस मौके पर पूजा–पाठ भी किया। यह एक श्रद्धांजलि थी, जिसने गौ माता के प्रति हमारी जिम्मेदारी को और भी स्पष्ट किया। इस कार्य ने यह साबित किया कि यदि हम सच में गौ माता के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करना चाहते हैं, तो हमें सिर्फ बातों तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

### अग्रवाल महिला मंडल ने मनाई अग्रसेन जयंती



**खरोरा।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती पर समाज की सभी महिलाओं , बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रसेन की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर किया। इसके पश्चात विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं बिन्दी और सिक्कों का डाइज गेम नेल पेंट लगाओ, होजी, लकी गेम चुड़ी, बाल्टी में बाल डालना नोट छपाये, लकी गेम प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम दिया गया।

# लक्ष्मण को मिला शिक्षक रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के तत्वावधान में 29 सितंबर को सरायपाली में छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रांत के शिक्षक शिक्षिकाओं को छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चातुरी नंद विधायक सरायपाली विधानसभा, विशिष्ट अतिथि के रूप में कुमारी भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत सरायपाली, चंद्र कुमार पटेल नगर पंचायत अध्यक्ष सरायपाली, रोमी सलूजा ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में स्वागत नृत्य स्काउट गाइड के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक सरायपाली चातुरीनंद ने गुरु के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरु का स्थान संसार में सर्वोच्च होता है। गुरुजी ही होता है जो एक डॉक्टर, वकील, पुलिस, उच्च अधिकारी को बनाने में अहम भूमिका निभाता है। छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह में व्याख्याता लक्ष्मण नामदेव प्रेमभुवन प्रताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव को उनके उत्कृष्ट शिक्षकीय कार्य के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। लक्ष्मण नामदेव के इस सम्मान के लिए प्राचार्य गिरजाशंकर धीवर, विजय कुमार खरे, अजय निराला, प्रीतम भारद्वाज, सोनवानी सर, नारंग सर विनोद डडसेना, दीपक पाण्डे, सहित शिक्षक शिक्षिकाओं मित्रगण, परिवारजनों ने बधाई दी।




## दुर्गा पंडाल की तैयारी में जुटी समिति...



**सुहेला।** युवा दुर्गा समिति और समस्त ग्रामवासी सुहेला के सहयोग से इस वर्ष भी मां दुर्गा माता के 21 रूपों को एक ही पंडाल के नीचे स्थापित करने की तैयारी जोर–शोर से की जा रही है। इस बार इस आयोजन में विशेष रूप से ग्रामवासियों की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। समिति के सदस्य लगातार बैठक कर रहे हैं, ताकि हर पहलू का ध्यान रखा जा सके। पंडाल की सजावट, मूर्तियों की स्थापना, भंडारे की व्यवस्था और अन्य धार्मिक क्रियाकलापों की योजना बनाई जा रही है। इस प्रकार, सुहेला में मां दुर्गा के प्रति भक्ति और श्रद्धा का यह अनूठा उत्सव इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा। सभी ग्रामवासी एकजुट होकर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी में जुटे हैं।

### तीसरी बार डॉक्टोरेट की उपाधि से सम्मानित हुए डॉ. रोहित डहरिया




**गोपालपुर।** विश्व मानव अधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र, डॉक्टोरेट मानद उपाधि परिषद व वर्ल्ड पीस ऑफ यूनाटेड नेशन यूनिवर्सिटी नई दिल्ली में सम्मान समारोह का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में फिल्म स्टार शिल्पा शेट्टी द्वारा डॉ. रोहित डहरिया को उनकी कला, जागृति गीत, कविता रचना व सामाजिक कार्य के लिए भारत गौरव रत्न श्री सम्मान व तीसरी बार डॉक्टोरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

## हिन्दी साहित्य से जुड़े व्याख्याकारों ने लिया हिस्सा

# राजभाषा मास पर कॉलेज में हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग में राजभाषा मास के अवसर पर संचालित मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम 18 से 30 सितंबर तक संचालित हुआ। प्राचार्य डॉ. एआर सी जेम्स के निर्देशन और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. उमाकांत मिश्र के संयोयन में संचालित भाषाई दक्षता और रचनात्मक लेखन पर केंद्रित इस पाठ्यक्रम में शासकीय मिनीमता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी, गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा की हिंदी विभागाध्यक्ष आरके द्विवेदी, अंबुजा स्कूल के प्राचार्य संजय पांडे और छग के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवघर महंत, डॉ. रीता यादव, डॉ. राजेंद्र वर्मा जैसे सहायक प्राध्यापक ने उपयोगी व्याख्यान देकर पंजीकृत छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया।




समापन सत्र में महाविद्यालय के पूर्व छात्र पोखन जायसवाल, शिक्षक पलारी द्वारा रचित काव्य संग्रह, उसके हिस्से का और आलोचनात्मक पुस्तक समकालीन छत्तीसगढ़ी साहित्य का विमोचन प्राचार्य और मुख्य अतिथि डॉ. देवघर महंत के साथ साथ डॉ. एके उपाध्याय तथा डॉ. सी के चंद्रवंशी द्वारा किया गया। प्रतिभागी द्वारा बनाए गए पोस्टर की सराहना अतिथियों ने की।

पंजीकृत छात्र छात्राओं को परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रमाण पत्र दिए जायेंगे। छात्र अमरदीप, भूपेंद्र, कृष्णा, संगीता, खुशबू, नीलम, हरिद्वार, शोध छात्र दीपक आदि का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025

द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)

ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411